प्रेस विज्ञप्ति

वर्ष–2014 में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, बिहार सेक्टर की उपलब्धियॉ इत्यादि ।

बिहार राज्य में केरिपुबल की 29 कंपनियॉ एवं 15 कोबरा की टीमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत हैं । केरिपुबल राज्य सरकार एवं राज्य पुलिस के साथ आंतरिक सुरक्षा खासकर उग्रवाद विरोधी अभियान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है । इसके अतिरिक्त केरिपुबल कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा हेतु कार्यरत है । विगत वर्ष में 66 अन्तर्राजीय 415 अन्तर बटालियन ऑपरेषन एवं 381 अन्तर कंपनी ऑपरेषन किये गये । इन ऑपरेषनों के दौरान लगभग 23 बार नक्सल उग्रवादियों से केरिपुबल जवानों की मुठभेड़ हुई जिसमें 05 नम्सलवादी मारे गये जिनमें 02 का पार्थिव शरीर बरामद किया गया । पूरे वर्ष में करीब 160 नक्सलवादी एवं 64 समर्थक गिरफ्तार किये गये । 02 इंसास राइफल सहित 66 अस्त्र, 2610 गोलियॉ, 47 ग्रेनेड एवं तकरीबन 9000 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद किये गये । इसके अतिरिक्त 12 मैगजीन, 27 वाहन और करीब साढ़े तीन लाख कैष बरामद किये गये । इसके अतिरिक्त गत वर्ष केरिपुबल के 05 जवान कर्तव्य की बलिवेदी पर शहीद हए एवं 19 घायल हुए ।

2. विदित है कि नक्सलवादियों द्वारा ऑपरेषनल क्षेत्र में विस्फोटक लगाकर सशस्त्र बलों पर हमला करने की व्यूह रचना प्रचलित रही है । केरिपुबल द्वारा वर्ष 2014 में 257 आई.ई.डी को निष्क्रिय किया गया और 43 ग्रेनेड सहित करीब 3000 डेटोनेटर जब्त किये गये । इसके अतिरिक्त लगभग 9000 कि0ग्रा0 विस्फोटक सामग्री बरामद की गई ।

3. विदित है कि उग्रवादियों द्वारा आतंक फैलाने हेतु मादक पदार्थ से उपार्जित पैसे का उपयोग किया जाता रहा है जिसे सामन्यतया 'नारकोटेरोरिजम' कहते हैं । बिहार के इन क्षेत्रों में भी अफीम और गांजे की खेती कर इन पैसों से उग्रवाद हेतु संसाधनों का संग्रह किया जाता है । इस वर्ष नक्सलवादियों द्वारा उत्पादित सैकड़ों किलो गांजा बरामद किया गया और 100 बिगहा से अधिक क्षेत्र में अफीम एवं गांजे की खेती को नष्ट किया गया ।

4. हाल में संपन्न झारखण्ड विधान सभा चुनाव के दौरान झारखण्ड पुलिस एवं केरिपुबल द्वारा ऑपरेषन कर झारखण्ड विधान सभा चुनाव को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया गया । इसके अलावा झारखण्ड एवं उत्तर प्रदेष पुलिस एवं वहॉ तैनात केरिपुबल के साथ इन क्षेत्रों में ऑपरेषन लॉच किये गये । बिहार के सोन गंगा बिन्ध्याचल क्षेत्र (रोहतास) में तैनात केरिपुबल द्वारा यह सुनिष्चित किया जा रहा है कि इन क्षेत्र में पुनः नक्सलवाद का प्रभाव नहीं जम सके । इसी तरह उत्तरी बिहार उत्तर सीमांत क्षेत्र के अन्तर्गत उत्तर बिहार के दियारा क्षेत्र में नक्सलवादियों द्वारा साल के अंत में हुए घटना के मद्देनजर लगातार ऑपरेषन किये गये । साल के अंत में दियारा क्षेत्र में 'नेत्रा' उपकरण की मदद से सफल ऑपरेषन करते हुए दियारा क्षेत्र में नक्सलवादियों के क्षेत्र को ध्वस्त किया गया । इसी तरह मगध एवं मध्य जोन में स्थित चक्रबंधा और मुंगेर–जमूई के भीमबांध क्षेत्र में कानून का प्रभूत्व जमाते हुए कैंपों को सुदृढ़ किया गया तथा भीमबांध क्षेत्र में एम.आई.–8 हेलीकाप्टर की सफल लैंडिंग करायी गयी । इस क्षेत्र में सषस्त्र बलों के आने के कारण जनता में जागृति एवं विष्वास पैदा हुआ है जिससे भीमबांध क्षेत्र में बहुतायत संख्या में सैलानियों ने नव वर्ष का आयोजन बिना भय के किया । इसी क्षेत्र में उग्रवादियों के कई कैंप, प्रषिक्षण केन्द्रों को ध्वस्त करते हुए हथियार बनाने की सामाग्रियॉ जब्त की गई ।

5.   जनता को नक्सलियों के प्रभाव से दूर करने हेतु सिविक एमेनिटी के तहत लोगों में दवा, कंबल, सोलर लाईट, वाटर फिल्टर आदि वितरित किये गये । चक्रबंधा एवं भीमबांध कैंप में लगातार जनता के लिए कंबल बांटने, रोजगार हेतु प्रषिक्षित करने, आधार कार्ड आदि बनाने, वृद्धा पेंषन बटवाने आदि का कार्य भी किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त चक्रबंधा कैंप (गया जिला) के नजदीक भैंसादोहर गॉव, महुलान कैंप (औरंगाबाद जिला) के नजदीक लिलझी गॉव और अधौरा कैंप (कैमूर जिला) के नजदीक झरपा गॉव के हर घर को सौर–बिजली एक केन्द्रीकृत सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर पहुॅचाई गई ।

6.   बिहार सरकार के साथ समन्वय को सुदृढ़ करने का कार्य सफलता पूर्वक किया गया । बिहार सरकार द्वारा प्रथम बार छत्तीसगढ़ में शहीद राधेष्याम राम के परिवार वाले को 10 लाख की सहायता राषि प्रदान की गयी एवं बिहार सरकार के माननीय मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों शहीद सिपाही राधेष्याम राम को संवेदना प्रकट करने हेतु राजेन्द्रनगर स्थित स्टेडियम में उपस्थित हुए । इसके अतिरिक्त हाल ही में बिहार मंत्रिमण्डल द्वारा सभी बिहार के रहने वाले केरिपुबल के कार्मिक को मूठभेड़ के दौरान शहादत की स्थिति में उनके परिवार को 5 लाख रूपये प्रदान करने का निर्णय लिया गया है जो कि स्वागत योग्य है ।

7.   केरिपुबल द्वारा अपने जवानों के लिए कल्याणकारी कार्य जैसे कैण्टीन, खेल–कूद, कैषलेस चिकित्सा सुविधा आदि योजनाओं का संपादन किया गया । इन सभी कार्यों से केरिपुबल के जवानों का मनोबल उंचा हुआ है और वे अगले वर्ष भी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में कानून के राज को सुदृढ़ करने हेतु बिहार सरकार को सहयोग करने के लिए कटिबद्व हैं ।

दिनांक :- 06 / 01 / 2015   **<u>पुलिस महानिरीक्षक, बिहार सेक्टर</u>**